Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बीकानेर संभाग में सहकारिता विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा, ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा जारी है सर्च अभियान**
- **संदिग्ध अधिकारियों से गहन पूछताछ जारी**
- **आरोपियों के कार्यालयों, आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *03 सितम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि सहकारिता विभाग में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, बीकानेर में पदस्थापित उच्च अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ कार्मिकों की नियुक्तियों, वेतन विसंगतियों के निस्तारण एवं विभिन्न टेण्ड़रों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उक्त सूचना पर तकनीकी निगरानी के आधार पर आज ए.सी.बी. बीकानेर इकाई द्वारा कार्यवाही करते हुये प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर सहकारिता विभाग के कार्यालयों में तलाशी अभियान चलाया गया है। तलाशी अभियान में बरामद दस्तावेजों एवं साक्ष्यों से व्यापक स्तर पर चल रहे भ्रष्टाचार की प्रथम दृष्टया पुष्टि हुई है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय को सूत्र सूचना प्राप्त हुई थी कि सहकारिता विभाग बीकानेर में प्रबन्ध निदेशक केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, श्रीगंगानगर पर कार्यरत मंगतराम खन्ना उर्फ एम. आर.खन्ना द्वारा अपने अधीनस्थ नौरंगलाल विश्नोई उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां चूरू एवं प्राईवेट दलाल वली मोहम्मद तथा अन्य से आपसी मिलीभगत कर रिश्वत राशि का लेनदेन कर रहे हैं। उक्त सूचना पर मुख्यालय द्वारा तकनीकी एवं मानवीय निगरानी रखकर सूचना का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन के पश्चात भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रजनीश पूनिया एवं पुलिस निरीक्षक श्री दिलीप खत्री** के नेतृत्व में गठित टीम को दिया गया।

आज उक्त टीम द्वारा न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त कर बीकानेर संभाग में स्थित सहकारिता विभाग के विभिन्न कार्यालयों में तलाशी अभियान चलाया गया है। तलाशी अभियान में बरामद दस्तावेजों एवं साक्ष्यों से व्यापक स्तर पर चल रहे भ्रष्टाचार की प्रथम दृष्टया पुष्टि होने पर **मंगतराम खन्ना उर्फ एम.आर.खन्ना प्रबन्ध निदेशक केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, श्रीगंगानगर, नौरंगलाल विश्नोई उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां चूरू एवं प्राईवेट दलाल वली मोहम्मद** को ए.सी.बी. टीमों द्वारा निरूद्ध कर पूछताछ की जा रही है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपियों के निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064*** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135–02834*** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।